# 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़ों के अपडेट की फ़ैक्ट शीट
# अमेरिका में वृद्ध वयस्क और हृदय संबंधी रोग

### हृदय संबंधी रोग (CVD) (ICD-10 I00 से I99)

- 2021 और 2023 के बीच 60 से 79 वर्ष की आयु वर्ग में, निम्नलिखित लोगों को CVD (CVD परिभाषा में उच्च रक्तचाप के साथ) की समस्या थी: 78.5% पुरुष; 71.9% महिलाएं.
- 2021 और 2023 के बीच 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के समूह में, निम्नलिखित लोगों को CVD (परिभाषा में उच्च रक्तचाप के साथ) की समस्या थी: 77.5% पुरुष; 87.1% महिलाएं.

### कोरोनरी हृदय रोग (CHD) (ICD-10 I20 से I25, इसमें मायोकार्डियल इन्फ़ार्क्शन [MI] ICD-10 I21 से I22 शामिल है)

- 2021 और 2023 के बीच 60 से 79 वर्ष की आयु वर्ग में, निम्नलिखित लोगों को CHD की समस्या थी: 18.4% पुरुष; 8.5% महिलाएं. इस आयु वर्ग के लोगों में 10.3% पुरुषों और 3.6% महिलाओं को पहले MI हुआ है.
- 2021 और 2023 के बीच 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के समूह में, निम्नलिखित लोगों को CHD की समस्या थी: 32.5% पुरुष; 20.6% महिलाएं. इस आयु वर्ग के लोगों में 18.4% पुरुषों और 9.0% महिलाओं को पहले MI हुआ है.
- 2005 से 2014 तक के आंकड़ों के आधार पर, पहले MI की औसत आयु पुरुषों के लिए 65.6 वर्ष और महिलाओं के लिए 72.0 वर्ष थी.

### स्ट्रोक (ICD-10 I60 से I69)

- 2021 और 2023 के बीच 60 से 79 वर्ष की आयु वर्ग में, निम्नलिखित लोगों को पहले स्ट्रोक आया था: 8.9% पुरुष; 5.4% महिलाएं.
- 2021 और 2023 के बीच 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के समूह में, निम्नलिखित लोगों को पहले स्ट्रोक आया था: 11.1% पुरुष; 10.6% महिलाएं.
- 2013 से 2023 तक, 65 से 74 वर्ष की आयु के लोगों में स्ट्रोक से होने वाली मृत्यु दर में वृद्धि हुई (7.5%; 74.2 से 79.8 प्रति 1,00,000) और 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में (18.2%; 906.0 से 1070.5 प्रति 1,00,000) और 75 से 84 वर्ष की आयु वालों में कमी आई (–5.2%; 268.9 से 254.9 प्रति 1,00,000).

### हृदय विफलता (ICD-10 I50)

- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 60–79 वर्ष आयु वर्ग में, निम्नलिखित लोगों को हृदय विफलता की समस्या हुई: 8.5% पुरुष; 4.6% महिलाएं.
- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 80 और उससे अधिक वर्ष के आयु वर्ग में, निम्नलिखित लोगों को हृदय विफलता की समस्या हुई: 14.1% पुरुष; 12.3% महिलाएं.

### उच्च रक्त चाप (ICD-10 I10 से I15)

- 2021 और 2023 के बीच 65 से 74 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों में, निम्नलिखित लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या थी: 75.3% पुरुष; 70.0% महिलाएं.
- 2021 और 2023 के बीच 75 और उससे अधिक वर्ष के आयु वर्ग के लिए, निम्नलिखित लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या थी: 69.6% पुरुष; 81.8% महिलाएं.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

- 2021 से 2023 के आंकड़ों के अनुसार, उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता, उपचार और नियंत्रण वृद्धावस्था में अधिक था. उच्च रक्तचाप से पीड़ित 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के अमेरिकी वयस्कों में उच्च रक्तचाप नियंत्रण अधिक पाया गया (30.9%), जबकि 40 से 59 वर्ष की आयु वाले वयस्कों में यह दर (19.1%) और 20 से 39 वर्ष की आयु वाले वयस्कों में यह दर (5.9%) थी.

## चिकित्सा प्रक्रियाएं

- 2022 में, 56.7% परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन प्रक्रियाएं 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों पर की गईं.
- 2024 में, हृदय प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं में से 19.8% 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के थे.

## लागत

- 2021 से 2022 में CVD के लिए कुल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्षिक लागत 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के रोगियों के लिए 182.5 बिलियन डॉलर थी; जो CVD की कुल लागत का 44% है.

फ़ैक्ट शीट, इन्फोग्राफिक्स और वर्तमान/पूर्व आंकड़ों के अपडेट के प्रकाशन यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं: Heart and Stroke Association Statistics | American Heart Association (वेबसाइट अंग्रेज़ी में).

इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े, अप्रकाशित सारणी से संबंधित हैं जिन्हें आंकड़ों के अपडेट दस्तावेज़ के लिए संकलित किया गया है और नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ उद्धरण का इस्तेमाल करके उल्लेखित किया जा सकता है. सारणी बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए डेटा स्रोत पूरे दस्तावेज़ में सूचीबद्ध हैं. इसके अलावा, कुछ आंकड़े प्रकाशित अध्ययनों से मिले हैं. अगर आप इस फ़ैक्ट शीट में किसी आंकड़े का उल्लेख कर रहे हैं, तो कृपया डेटा स्रोतों और वास्तविक उद्धरणों को निर्धारित करने के लिए पूरे हृदय रोग और स्ट्रोक से जुड़े आंकड़ों का दस्तावेज़ देखें.

American Heart Association अनुरोध करता है कि संपूर्ण दस्तावेज का उल्लेख इस प्रकार किया जाए:

Palaniappan LP, Allen NB, Almarzooq ZI, Anderson CAM, Arora P, Avery CL, Baker-Smith CM, Bansal N, Currie ME, Earlie RS, Fan W, Fetterman JL, Barone Gibbs B, Heard DG, Hiremath S, Hong H, Hyacinth HI, Ibeh C, Jiang T, Johansen MC, Kazi DS, Ko D, Kwan TW, Leppert MH, Li Y, Magnani JW, Martin KA, Martin SS, Michos ED, Mussolino ME, Ogungbe O, Parikh NI, Perez MV, Perman SM, Sarraju A, Shah NS, Springer MV, St-Onge M-P, Thacker EL, Tierney S, Urbut SM, Van Spall HGC, Voeks JH, Whelton SP, Wong SS, Zhao J, Khan SS; American Heart Association काउंसिल की एपिडेमियोलॉजी और प्रिवेंशन आंकड़ों की कमेटी व स्ट्रोक्स आंकड़ों की कमेटी की ओर से. 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़े: American Heart Association की ओर से अमेरिकी और वैश्विक डेटा की एक रिपोर्ट. *सर्कुलेशन.* 21 जनवरी 2026 को ऑनलाइन प्रकाशित.

कृपया सभी मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए न्यूज़ मीडिया रिलेशंस से http://newsroom.heart.org/newsmedia/contacts (वेबसाइट अंग्रेज़ी में) पर संपर्क करें.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.